आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 03.03.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए 102 करोड़ की वित्तीय मंजूरी दी।
- संस्कृत गांव की तर्ज पर प्रदेश के प्रत्येक जिले में मॉडल सहकारिता गांव विकसित किये जाएंगे।
- उत्तराखंड कैंपा परियोजना संचालन समिति ने वार्षिक योजना के लिए 339 करोड़ रुपये की मंजूरी दी।
- **और..** देश को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंत नगर विश्वविद्यालय लगातार शोध कर रहा है।

**वित्तीय मंजूरी दी।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए 102 करोड़ की वित्तीय मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने ऊधमसिंह नगर जिले के उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में चिकित्साधिकारियों के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए चार करोड़ की स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री ने कुंभ मेला–2027 के लिए पुलिस कमांड कंट्रोल सेंटर भवन निर्माण के लिए 50 करोड़ 27 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी है। इसके अलावा हर की पैड़ी से ललतारों सेतु तक गलियों का सुधारीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 9 करोड़ की मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत विधानसभा क्षेत्र खानपुर में सुरक्षात्मक कार्य के लिए पहली किस्त में 2 दो करोड़ 67 लाख़, प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों की मरम्मत व पुनर्निर्माण के लिए 25 करोड़ की स्वीकृति दी। वहीं चंपावत में ग्राम छानीगोठ में बाढ़ सुरक्षात्मक दीवार निर्माण के लिए 2 करोड़ 30 लाख़ की धराशि की मंजूरी दी। मुख्यमंत्री धामी ने चमोली के गैरसैंण में रामगंगा नदी तट पर हो रहे भू–कटाव एवं आवासीय भवनों के बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य के लिए 2 करोड़ 74 लाख, उत्तरकाशी जिले के विकासखंड भटवाडी के ग्राम हर्षिल में भवनों के सुरक्षात्मक कार्य के लिए 4 करोड 10 लाख की धनराशि की मंजूरी दी।

**मॉडल सहकारिता गांव**

सहकारिता मंत्री डाक्टर धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता आंदोलन के विस्तार को प्रत्येक जिले में एक–एक मॉडल सहकारिता गांव स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए विभागीय अधिकारियों को विस्तृत रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

सहकारिता मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में संस्कृत गांव की तर्ज पर प्रत्येक जिले में मॉडल सहकारिता गांव विकसित करने के निर्देश दिये। डॉक्टर रावत ने कहा कि इन गांवों में सहकारी बैंक, सीएससी सेंटर एवं सहकारी बाजार की स्थापना की जाएगी। श्री रावत ने कहा कि सहकारी बाजार स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों, किसान समूहों एवं ग्रामीण उत्पादकों को अपने उत्पादों के विपणन के लिए सशक्त मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना, रोजगार के अवसर बढ़ाना एवं सहकारिता आधारित आत्मनिर्भर मॉडल विकसित करना है। श्री रावत ने कहा कि मॉडल सहकारिता गांव प्रदेश में सहकारिता के सशक्त, आत्मनिर्भर एवं समावेशी विकास का आधार बनेंगे और आने वाले समय में यह पहल ग्रामीण विकास की नई मिसाल स्थापित करेगी।

**केंद्रीय गृह मंत्री**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 7 मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार दौरा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ बैठक की। जिला अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनी में केंद्र और राज्य सरकार के 4 सालों की उपलब्धियों से जुड़े स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

**होलिका**

कल प्रदेशभर में होलिका पूजन किया गया । इस दौरान महिलाओं ने होलिका पूजन कर सुख–समृद्धि की कामना की। महिलाएं सुबह से ही महिलाएं थाली में रोली, चावल, फूल और गुड़ लेकर होलिका स्थान पर पहुंचीं और होलिका पूजन किया। इसके बाद रात को जयकारों संग होलिका का दहन किया गया।

**वार्षिक योजना के लिए 339 करोड़ मंजूर**

मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में देहरादून में कैंपा परियोजना संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन संरक्षण, मृदा–जल संरक्षण, मानव–वन्यजीव संघर्ष रोकथाम एवं वानाग्नि प्रबंधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में वार्षिक योजना के लिए 339 करोड़ रुपये मंजूर की मंजूरी दी गई। वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण की बैठक में गढ़वाल कुमाऊं क्षेत्र में देहरादून और हल्द्वानी रेंजर स्तर तक के वन कर्मियों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में वनाग्नि सुरक्षा एवं वन पंचायतों को सहयोगवनाग्नि सुरक्षा के लिए 12 करोड़ रुपये का अनुमोदन किया गया। मृदा–जल संरक्षण कार्यों के अंतर्गत जल धाराओं के उपचार के लिए 19 करोड़ पांच लाख रुपये की धनराशि का अनुमोदन किया गया। बैठक में मुख्य सचिव ने बैठक में अधिकारियों को मृदा–जल संरक्षण कार्यों के अंतर्गत प्रत्येक वन प्रभाग में एक बड़े प्रोजेक्ट को चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संरक्षण के तहत सारा, जलागम एवं अन्य संबंधित विभागों, एजेंसियों के समन्वय से राज्य स्तर पर कम–से–कम तीन बड़ी एकीकृत (इंटीग्रेटेड) परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

16

**पंत नगर विश्वविद्यालय**

देश को दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंत नगर विश्वविद्यालय दलहन के अधिक उपज देने वाली रोग रोधी प्रजातियों के विकास के लिए लगातार शोध कर रहा है। गत 3 वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय विभिन्न दलहनों की 13 अधिक उपज देने वाली उन्नत नवीन प्रजातियों का विकास कर चुका है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर मनमोहन सिंह चौहान ने बताया की विश्वविद्यालय के छात्र और अध्यापक दलहन की उच्च गुणवत्ता युक्त प्रजाति के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं ताकि देश दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सके।

**वि□व श्रवण दिवस**

आज विश्व श्रवण दिवस है। यह दिन हर साल 3 मार्च को मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय "समुदायों से कक्षाओं तक सभी बच्चों के लिए श्रवण देखभाल" रखी गई है।

हल्द्वानी स्थित सोबन सिंह जीना राजकीय बेस चिकित्सालय की कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता लोहनी ने बताया कि वर्तमान में बच्चों में श्रवण संबंधी समस्याएं तेजी से सामने आ रही हैं। इसका एक कारण ब्लूटूथ डिवाइस या ईयरफोन का अधिक उपयोग शामिल है, जिससे सुनने की क्षमता प्रभावित होती है।

उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से इन समस्याओं से बचा जा सकता है और अभिभावकों को बच्चों की श्रवण से जुड़ी शिकायतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

**अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–**

ईरान युद्ध की खबरों को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है– इस खबर के शीर्षक में हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– युद्ध क्षेत्र में फंसे भारतीय आज से लाए जाएंगे वापस, इसी खबर पर अमर उजाला लिखता है– खामेनेई की मौत के विरोध में कश्मीर में दूसरे भी प्रदर्शन, लखनऊ में घरों पर काले झंडे, आंध्र में निकाला कैंडल मार्च।

उत्तराखंड में बनेंगे 10 नए ट्रांजिट रेस्क्यू सेंटर– अमर उजाला इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है–19 करोड़ का बजट मंजूरी, प्रदेश में कैंपा परियोजना संचालन समिति की बैठक में मुख्य सचिव ने दिए निर्देश।

चारधाम यात्रा की खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– तीर्थयात्रा में डॉक्टरों, कर्मियों का होगा अलग कैडर, अतिरिक्त वेतन भी मिलेगा।

देहरादून में मतदाता सूची का मेगा ऑडिट, सुस्त बूथों पर सख्ती...दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को युद्ध स्तर पर लाने के निर्देश, जिले में 66.62 प्रतिशत मैपिंग हुई पूरी।